# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 26.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया का शुभारंभ किया–कहा, भारत आज विश्व में निवेश का सबसे आकर्षक गन्तव्य।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानी मीट और कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा–प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन पर शोध पीठ बनेगी।
- प्रदेश से मॉनसून लगभग विदा–इस बार औसत से 65 फीसदी ज्यादा बारिश हुई।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विविधता, मांग और नवाचार के कारण भारत आज विश्व में सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य है। नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया में श्री मोदी ने यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में खाद्यान्न उत्पादन में काफी बढोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया एक नया केन्द्र बन गया है।

....................

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि छोटे किसान बाज़ार की एक बड़ी ताकत बन रहे हैं और सरकार ने इनकी सहायता के लिए कई नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि देश में अनेक स्टार्टअप खाद्य और कृषि क्षेत्र में काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि चार दिन के वर्ल्ड फूड एक्सपो में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, खाद्य स्थिरता तथा पौष्टिक और ऑर्गेनिक फूड के उत्पादन में भारत की शक्ति का प्रदर्शन किया जा रहा है।

....................

निर्वाचन आयोग–ईसीआई ने चुनावों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए डाक मतपत्रों की गिनती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इससे पहले ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती से स्वतंत्र रूप से होती थी। यह कभी–कभी तो डाक मतपत्रों की पूरी गिनती होने से पहले ही

समाप्त हो जाती थी। इससे प्रक्रिया में एकरूपता को लेकर भ्रम और प्रश्न उठते थे। इस समस्या के समाधान के लिए ईसीआई ने यह अनिवार्य कर दिया है कि ईवीएम/वीवीपैट की गिनती का दूसरा–अंतिम दौर सभी डाक मतपत्रों की गिनती के बाद ही शुरू होगा। इससे मतगणना की दोनों विधियों के बीच एकरूपता सुनिश्चित होगी और विसंगति की संभावना समाप्त हो जाएगी।

....................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानी मीट में शिरकत करने के साथ ही विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेंगे। श्री शर्मा अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान आईटी और फार्मा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में निवेश पर विस्तृत चर्चा करेंगे। श्री शर्मा प्रमुख समाजसेवियों और भामाशाहों के साथ संवाद भी करेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार 10 दिसंबर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस से पहले देश–विदेश में प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन कर रही है। इसी कडी में मुख्यमंत्री का हैदराबाद प्रवास का कार्यक्रम रखा गया है।

....................

फ्रांस में भारत की पर्यटन संभावनाओं को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कल पेरिस में भारतीय दूतावास परिसर में भारत पर्यटन संवर्धन कार्यक्रम रखा गया। भारतीय दूतावास सर्विस एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और एयर इंडिया की ओर से इसका आयोजन किया गया। इस अवसर पर फ्रांस में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने भारत–फ्रांस के बीच पर्यटन सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में फ्रांस के विभिन्न शहरों से आए 50 से अधिक प्रमुख टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंटों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने राजस्थान की विशिष्ट पहचान और पर्यटन आकर्षणों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी।

....................

प्रदेशभर में चल रहे जीएसटी बचत उत्सव के तहत व्यापारी वर्ग से सीधे उपभोक्ताओं को लाभ पंहुचाने का आग्रह किया जा रहा है। इसी कडी में राजस्व मंत्री और कोटपूतली–बहरोड़ जिला प्रभारी विजय सिंह कल जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने व्यापारियों और आमजन के साथ चर्चा कर जीएसटी दरों में कटौती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इससे व्यापारियों का कारोबार भी सुगम होगा। इस अवसर पर उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव से प्रचार सामग्री का वितरण भी किया।

....................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन पर शोध पीठ बनेगी। श्री देवनानी कल जयपुर जिले के धानक्या में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वीं जयंती पर आयोजित व्याख्यानमाला में बोल रहे थे। श्री देवनानी ने इस मौके पर पंच परिवर्तन पर कार्य करने वाले प्रबुद्ध जन और पंडित उपाध्याय के जीवन दर्शन पर अनुसंधान करने वाले शोधार्थियों का सम्मान भी किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल की राजस्थान यात्रा पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि पंडित उपाध्याय की स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की दूरदर्शी सोच आज भी प्रासंगिक है। इसके प्रसार के लिए राजस्थान के विश्वविद्यालयों में शोधपीठ बनायी जायेगी। श्री उपाध्याय की जयंती पर कल कई स्थानों पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत हुई। केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागितयों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। उधर हनुमानगढ़ में इस अवसर पर पौधरोपण किया गया। वहीं सेवा पखवाडे के तहत आज भरतपुर में नमो मैराथन रखी गई। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने इसे रवाना किया।

....................

जोधपुर के फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) की राष्ट्रीय पहल इंडिया डिजाइन लैंग्वेज – में मोजरी को शामिल किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे राज्य की अनूठी शिल्प धरोहर को वैश्विक पटल पर पहचान मिलेगी।

....................

जयपुर के आमेर क्षेत्र में बीती रात एक डंपर की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कुंडा के पास दिल्ली जयपुर हाईवे पर हुआ, जिसमें डम्पर चालक बेकाबू होकर ट्रांसफार्मर से टकरा गया। इसके बाद डम्पर में आग लग गई और पास खडे लोग दुर्घटना का शिकार हो गये। उधर जैसलमेर में मोटरसाईकिल और चौपहिया वाहन की टक्कर में कल तीन लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा भणियाणा क्षेत्र में हुआ।

................

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर बीते 24 घंटों में तापमान में उतार चढाव देखने को मिला। श्रीगगानगर में दिन का तापमान 38 दशमलव 4 डिग्री

सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार 28 सितम्बर से राज्य के पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। कल राजसमंद के नाथद्वारा में हल्की बरसात हुई। अगले दो दिन उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार है। वहीं ज्यादातर हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य से मॉनसून अब लगभग विदा हो चुका हैं । इस बार प्रदेश में औसत से 65 फीसदी ज्यादा बारिश हुई। मानसून सीजन में औसतन 436 मिलीमीटर बारिश होती है, जबकि इस बार लगभग 712 मिलीमीटर बरसात दर्ज हुई।

.......................